# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-15.08.2025**

**थाना कांधला पुलिस द्वारा नाबालिग को आत्महत्या हेतु उकसाने व आत्महत्या के पश्चात शव छिपाने के मामले में 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त रेहड़ा बरामदः-**

ज्ञात हो दिनांक 12.08.2025 थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर खेड़ी निवासी नाबालिग लड़की के बिना बताये घर से चले जाने के सम्बन्ध में परिजनो द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कांधला पुलिस द्वारा गुमशुदा की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में दिनाँक 14.08.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में मृतका के 02 भाईयों को गिरफ्तार कर उनकी निशांदेही पर मृतका का शव व घटना में प्रयुक्त रेहड़ा बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरणः-** गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण कपिल उर्फ पपिन व सचिन उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि हमने अपनी बहन उम्र करीब 16 वर्ष को काफी डांटा था। इसी बात से क्षुब्ध होकर दिनाँक 11/12.08.2025 की रात्रि में हमारी बहन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बहन द्वारा फांसी लगाने से हम डर गये और हमने अपनी बहन के शव को छिपाने के उद्देश्य से रेहडे में रखकर गांव से निकल गये। गांव में रात्रि पहरा होनो के कारण लोगो ने हमसे पूछा तो हमने अपनी माता की तबीयत खराब होना व दवाई लेने के लिये कांधला जाना बताया था। हमने अपनी बहन के शव को भारसी गेट के पास नहर पटरी के किनारे झांड़ियो में डाल दिया था और अगले दिन बहन के घर से चले जाने की झूठी रिपोर्ट लिखा दी थी। हम अपनी बहन को ढूंढने का झूठा प्रयास कर रहे थे तथा पुलिस भी बार-बार हमसे पूछताछ कर रही थी। पुलिस को हम पर शक होने पर पुलिस ने हमको पकड़ लिया तो हमने पुलिस को सच बता दिया और अपनी बहन के शव को भी बरामद करा दिया।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.कपिल उर्फ पपिन पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम रामपुर खेडी थाना कांधला जनपद शामली।

2.सचिन पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम रामपुर खेडी थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.घटना में प्रयुक्त रेहडा मो0सा0 प्लेटिना रजि नं0-DL3SBV3569।



**थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर-ट्राली चोरी व थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जसाला में चोरी का प्रयास कर फायरिंग करने की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में लिप्त 03 अभियुक्तगण चोरी/लूट की योजना बनाते गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी ट्रैक्टर-ट्राली व घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार कारतूस बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 15.07.2025 को श्री वकील पुत्र हमीद अंसारी निवासी मौहल्ला अफगानान थाना कैराना जनपद शामली का ट्रैक्टर-ट्राली थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत होटल ब्रेक प्वाईंट के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। दिनाँक 27/28.07.2025 की रात्रि में थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जसाला में अज्ञात चोरो द्वारा श्रीमती शिक्षा देवी पत्नी चूहड़ सिंह व सचिन पुत्र चूहड़ सिंह पर अज्ञात चोरो द्वारा फायरिंग की गयी थी तथा श्री फग्गन सिंह पुत्र श्री दखला सिंह निवासी ग्राम जसाला थाना कांधला जनपद शामली के बन्द घर का अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोड़ चोरी करने का प्रयास किया गया था। घटनाओं के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली व थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 14.08.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर-ट्राली चोरी व थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जसाला में चोरी का प्रयास कर फायरिंग करने की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में लिप्त 03 अभियुक्तगण को चोरी/लूट की योजना बनाते हुये ग्राम बधैव कट के पास बाग से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गयी ट्रैक्टर-ट्राली व घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार-कारतूस बरामद हुये है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना आदर्शमण्डी/कोतवाली शामली/थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.सचिन पुत्र सुरेशपाल निवासी ग्राम बधैव थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.अमन पुत्र ओम सिंह निवासी ग्राम बधैव थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.विकास उर्फ मोना पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम व थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी किया गया आयशर ट्रैक्टर-ट्राली।

2.घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर।

3.दो अवैध चाकू।



**<u>थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म कर धमकी देने के मामलें में वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

ज्ञात हो कि थाना आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत युवती के साथ दुष्कर्म कर धमकी देने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 14.08.2025 को थाना आदर्शमण्डी पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 15.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म कर धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता अभियुक्तः-</u>**

1.वसीम पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला गांधीनगर कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी जनपद।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो दिनाँक 10.08.2025 को सुन्दरपाल पुत्र मानचन्द निवासी मौहल्ला हाफिजदोस्त थाना थानाभवन जनपद शामली लार वाला बाग के निकट अपनी बकरियों को चरा रहे थे तभी मोटर साईकिल सवार अभियुक्त अरशद व शाहनवाज द्वारा बकरी को मोटर साईकिल पर रखकर चोरी कर भागने लगे थे। शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगो द्वारा बकरी चोरी करने वाले अभियुक्त अरशद पुत्र इकबाल निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी थाना थानाभवन जनपद शामली को मय मोटर साईकिल सहित पकड़ लिया तथा अभियुक्त शाहनवाज मौके से फरार हो गया था । घटना के सम्बन्ध में श्री सुन्दरपाल द्वारा थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था । अभियुक्त अरशद को थानाभवन पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया था तथा घटना में लिप्त अभियुक्त शाहनवाज की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार वाछिंत अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा बकरी चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त शाहनवाज पुत्र अफजाल निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना तितरों जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शाहनवाज पुत्र अफजाल निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना तितरों जनपद सहारनपुर।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**